फा. सं. 6-4/2024-एमएसपी-ईएस
भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
अर्थ, सांख्यिकी एवं मूल्यांकन प्रभाग
(न्यूनतम समर्थन मूल्य इकाई)

कृषि भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 29 जनवरी, 2025

<u>अधिसूचना</u>

विषय: 2025-26 मौसम के लिए कच्चे पटसन की मूल्य नीति – कच्चे पटसन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा।

भारत सरकार ने 2025-26 मौसम के लिए कच्चे पटसन के लिए मूल्य नीति को अनुमोदन प्रदान कर दिया है और इस संबंध में निम्नलिखित निर्णय लिए गए हैं:

(i) 2025-26 मौसम के लिए कच्चे पटसन (टीडी-3 ग्रेड) का न्यूनतम समर्थन मूल्य ₹5650/- प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

(ii) कच्चे पटसन (टीडी-3 ग्रेड) के एमएसपी के आधार पर, कच्चे पटसन की अन्य किस्मों और ग्रेडों के लिए संबंधित एमएसपी का निर्धारण, वस्त्र मंत्रालय द्वारा सामान्य बाजार मूल्य-अंतर के अतिरिक्त कच्चे पटसन के विभिन्न ग्रेडों हेतु निर्धारित कुल अंकों को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा।

(iii) भारतीय पटसन निगम (जेसीआई) मूल्य समर्थन संचालन हेतु केंद्रीय नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करना जारी रखेगा। ऐसे संचालनों में हुई हानि, यदि कोई हो तो, उसकी पूर्ण प्रतिपूर्ति सरकार द्वारा दिशानिर्देशों के अनुसार की जाएगी।

2. संबंधित मंत्रालयों/विभागों, राज्य सरकारों और अन्य एजेंसियों से अनुरोध है कि वे इस विभाग को सूचित करते हुए उपरोक्त निर्णयों पर उचित कार्रवाई करें।

ज्ञानेन्द्र सिंह
29.01.2025
(ज्ञानेन्द्र सिंह)
अतिरिक्त सांख्यिकीय सलाहकार
दूरभाष: 011-23380141